








# इनोवेटिव स्कूल संस्थान में आयुक्त ने किया आरआरआर सेंटर का शुभारंभ

- स्वच्छता एवं जल संचय
- की दिलाई शपथ, चार बिन प्रणाली पर दिया जोर

**देवास।** 27 अप्रैल को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में संचालक एवं पूरे स्टाफ की उपस्थिति में फीता काटकर आरआरआर सेंटर का शुभारंभ किया। ओम साईं विजन आईईसी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 7 स्थित इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को चार बिन प्रणाली के माध्यम से कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित पृथक्कीकरण के प्रति जागरूक किया गया।

गीला, सूखा, सेनेटरी एवं अन्य कचरा को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा कचरा गाड़ी में गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक देने हेतु प्रेरित किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी दी गई एवं इसके स्थान पर कपड़े या कागज के थैले जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की समझाइश दी गई। इसी के साथ स्वच्छता एवं जल संचय को लेकर अभिभावकों को शपथ भी दिलाई गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी के सदुपयोग एवं उसके महत्व के बारे में टीम लीडर अरुण तोमर विशाल जोशी ने अवगत कराया। जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा स्वच्छता को जीवन में अपनाने एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, ओम साईं विजन आईईसी टीम, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सैयद मकसूद अली, महेश सोनी, मिर्जा मुशाहीद बेग, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद ले सकेंगे उपयोग की वस्तुएं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त ने उपस्थितजनों को आरआरआर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सेंटर में नागरिक अपने स्तर पर गरीबजनों के हित के लिए तथा स्कूल के बच्चों के उपयोग की वस्तुएं दान कर सकते हैं। जरूरतमंद लोग अपने उपयोग की वस्तुएं इस आरआरआर सेंटर से ले सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से सहयोग की अपील की। इस दौरान स्कूल संचालक सैयद मकसूद अली द्वारा आयुक्त के कर कमलों से छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण कराया गया।

# सूरत जा रही यात्री बस में भीषण आग

- यात्रियों को ड्राइवर ने सुरक्षित उतारा, सामान जला



**देवास।** नेवरी फाटा टोल के पास मंगलवार को यात्री बस में भीषण आग लग गई। यह बस भोपाल से इंदौर की ओर जा रही थी। इस घटना में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि बस में अचानक धुआं उठने लगा। यात्रियों ने तुरंत चालक को इसकी सूचना दी।

चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोका और सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। बस रीवा से गुजरात के सूरत जा रही थी। शुरुआती आशंका है कि आग पहले डीजल टैंक में लगी, जिसके बाद पीछे से धुआं उठा और फिर पूरी बस में फैल गई। पास से गुजर रहे बाइक सवार ने बस चालक को आग लगने की जानकारी दी। इसके बाद चालक ने बस रोककर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। बस में सवार कुछ यात्री ही अपना सामान निकाल पाए। बाकी सभी यात्रियों को सामान बस के साथ जल गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी बस जलकर खाक हो गई।

आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद कई यात्री सदमे में हैं और कुछ लोग रोते हुए भी देखे गए। एक यात्री बेहोश हो गया, जिसे पुलिस ने संभाला।

## बीच जंगल चलती कार में लगी आग

**देवास।** जिले के कन्नौद क्षेत्र में सोमवार रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। यह घटना रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुई, जिसमें कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना जंगल के क्षेत्र में हुई इसलिए आग पर जल्दी काबू नहीं पाया जा सका जिससे पूरा वाहन जल गया। जानकारी के अनुसार, कार कुसमानिया से विक्रमपुर की ओर जा रही थी। कुसमानिया जंगल क्षेत्र से गुजरते समय अचानक उसमें आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। कार सवार युवकों ने जैसे-तैसे निकलकर जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची थी। फिलहाल इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है, पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की



**देवास।** जिला पंचायत देवास की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष जिला पंचायत लीला अटारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक के पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। इस दौरान जिले में 'जल गंगा संवर्धन अभियान'' के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा भी की गई।

जिले में चलाये जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जिले में किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा द्वारा दी गई। बैठक में सभी ने जल शपथ भी ली।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि/विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य रूपसिंह धाकड़, कमल वास्कले, रमण कलम, शिवम चौधरी एवं अन्य जिला पंचायत सदस्य और अन्य उपस्थित थे।

## महिला आरक्षण विधेयक सत्र में लिया भाग



**देवास।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पर बुलाए गए मध्य प्रदेश विधानसभा विशेष सत्र में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अनीता पाल ने प्रदेश की राजधानी भोपाल में विधानसभा में पहुंच करके विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक मैं भाग लिया इस दौरान उनके साथ फाउंडेशन से जुड़ी अन्य महिला पदाधिकारीओ ने भी विधानसभा पहुंच करके भाग लिया

## एक नजर में

### वर्षों पुराना सरकारी स्कूल भवन जर्जर घोषित



**बागली।** हाटपिपलिया मुख्यालय पर देवगढ़ चौराहे पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक विद्यालय की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। वर्षों पुराना यह विद्यालय भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है और किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विद्यालय प्रशासन द्वारा स्वयं दीवारों पर चेतावनी लिखकर सूचना चस्पा की गई है—विद्यालय भवन जर्जर है, कृपया दूरी बनाकर रखें। इसके बावजूद सैकड़ों छात्र इसी परिसर में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि इस गंभीर समस्या को लेकर विगत दिनों नवभारत समाचार पत्र में प्रमुखता विद्यालय की जर्जर अवस्था को लेकर समाचार प्रकाशित किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक केवल औपचारिकताएं ही देखने को मिली हैं और जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। यह विद्यालय नगर का सबसे पुराना और प्रमुख शासकीय संस्थान रहा है, जहां हाटपिपल्या क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में भी बड़ी संख्या में छात्र यहां अध्ययनरत हैं, लेकिन भवन की खस्ताहाल स्थिति उनके और अभिभावकों के मन में लगातार भय उत्पन्न कर रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक ओर यह विद्यालय नगर की धरोहर है, वहीं दूसरी ओर इसकी अनदेखी देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ के समान है। वहीं, हाटपिपल्या क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से सी.एम. राइज विद्यालय की मांग लगातार उठ रही है। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नगर, जो आसपास के कई गांवों का शैक्षणिक केंद्र है। वहां इस योजना का अभाव साफ महसूस किया जा रहा है। विद्यालय की बदहाल स्थिति के चलते मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों को मजबूरी में निजी विद्यालयों में महंगी फीस देकर पढ़ाने को विवश हैं।जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को कब संज्ञान में लेकर कोई ठोस समाधान निकालेंगे, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

### गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग

**देवास।** गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। गौ सेवकों और आम नागरिकों ने पैदल मार्च निकालकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। देवास में विभिन्न गौ सेवकों और बड़ी संख्या में आम लोगों ने नगर निगम कार्यालय पर एकत्रित होकर जोरदार पैदल मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां और नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी तहसील कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाए। रैली में शामिल लोगों का कहना है कि यह केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के सम्मान का विषय है। इस दौरान शहर में धार्मिक और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। गौ सेवक जीतू रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। अब तक 1 लाख से अधिक पत्रक वितरित किए जा चुके हैं और 30000 से ज्यादा लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया है। यह अभियान देश के 872 जिलों और 5833 तहसीलों तक पहुंच चुका है।

## विश्वनाथ पाटिल को दी श्रद्धांजलि

**देवास।** खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के भाई विश्वनाथ पाटिल बाडु भैय्या के दुखद निधन हो गया है। इससे क्षेत्र में दुख की लहर है पाटिल के दुखद निधन पर विधायक आशीष शर्मा, विधायक मुरली भंवरा, कन्नौद जनपद अध्यक्ष देवाराम सारण, मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के अध्यक्ष पवन हिंदू, अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनीता पाल, देवास जिला अध्यक्ष शोभा जोशी, आत्म निर्भर भारत योजना प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चमेली नायक, बागली विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सरपंच प्रतिनिधि लखन लाल उईके पलासी, भाजपा जनजाति महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंकी बरेला, प्रदेश मंत्री खुशी लाल राठौड, पूर्व भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पंचोली भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल, राजेश मालवीय सोहन पटेल, महेश परमार, जगदीश यादव रामकिशोर यादव रघुनाथ नायक सरपंच आनंद जोनवाल वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद मुकाती जगदीश शर्मा दिनेश पंचोली शिवप्रसाद राठौर संतोष मुकाती दीपक शर्मा समरथ सिंह देवड़ा दीपचंद गवली चिंटू देवड़ा विश्राम नायक गोविंद जोनवाल हरिप्रसाद राठौर कचरू राठौर केदार थुरवाल शिवप्रसाद गवली रामचंद्र जाटव राजेश जाट सुरेश उईके देवेंद्र जारवाल संतोष फरत दुर्गेश राठौर जगदीश थुरवाल सीताराम मरमट सुरेश मुकाती नरेंद्र वर्मा कमल धनावत ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दूषित पानी से गांव में बीमारी का खतरा, नल-जल योजना भी बंद


- 25 वर्ष पुराने बोरिंग का पानी हो गया जहरीला पीएचई रिपोर्ट में पानी पीने योग्य नहीं



**देवास।** ग्राम पंचायत नागुखेड़ी के अंतर्गत ग्राम मुंगावदा में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव के मंदिर चौक स्थित तालाब की पाल पर लगभग 25 वर्ष पूर्व शासन द्वारा बोरिंग कर हैंडपंप स्थापित किया गया था, जो वर्तमान में पूरे गांव का मुख्य जल स्त्रोत बना हुआ है।

उप सरपंच रंजन सिंह राठौड़ ने बताया कि जल स्तर कम होने के कारण पिछले करीब 20 वर्षों से इस बोरिंग से विद्युत पंप के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन कुछ माह पूर्व नाली के गंदे पानी की निकासी के लिए जेसीबी मशीन से तालाब की पाल को तोड़ दिया गया, जिससे गंदा पानी सीधे बोरिंग के पास से होकर तालाब में जाने लगा। इस कारण दूषित पानी जमीन में रिसकर बोरिंग में मिल गया, जिससे पानी बदबूदार हो गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत पंचायत और सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उप सरपंच रंजन सिंह राठौड़ द्वारा पानी का सैंपल लेकर पीएचई विभाग में जांच करवाई गई। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से पानी को पीने योग्य नहीं बताया गया है, जिसमें कोलीफॉर्म बैक्टीरिया जैसे खतरनाक तत्व पाए गए हैं, जो टाइफाइड, हैजा , पीलिया, मलेरिया,जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में नल-जल योजना के तहत लाखों रुपए खर्च कर पानी की टंकी और पाइपलाइन तो बनाई गई, लेकिन पिछले तीन वर्षों से उसमें पानी नहीं आया है। भीषण गर्मी के बीच जब अन्य जल स्त्रोत सूख चुके हैं, ऐसे में यह बोरिंग ही एकमात्र सहारा था, जो अब दूषित हो चुका है। इससे गांव में गंभीर जल संकट और स्वास्थ्य संकट दोनों उत्पन्न हो गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि दूषित बोरिंग को तुरंत बंद किया जाए, नाली के गंदे पानी की निकासी रोकी जाए और गंदे पानी कि वर्षों पुरानी निकासी चालू कर गांव से बाहर नाले में छोड़ा जावे एवं नल-जल योजना को तत्काल चालू किया जाए, सुरक्षित पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उप सरपंच राठौड़ ने जिलाधीश, जिला पंचायत सीईओ से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है, साथ ही ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक इस बोरिंग के पानी का उपयोग पीने में न करें।

# डीजल चोरी गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार



**देवास।** पुलिस ने डीजल चोरी के एक बड़े मामले में दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस गिरोह के कुल पांच सदस्य अब तक सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने पहले ग्राम दुपाड़ा (जिला शाजापुर) से कृष मालवीय, आबिद मेव उर्फ अल्लु और अनिल चावरे उर्फ अन्ना को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने फरार चल रहे समीर मेव उर्फ तोता (पिता नूर मोहम्मद मेव) और धर्मेन्द्र उर्फ धर्मराज फुलेरिया (उम्र 22 वर्ष) को शाजापुर से पकड़ा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इन आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें चोरी किया गया डीजल भी बरामद किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह रात में अपने गांव दुपाड़ा से निकलकर उज्जैन, देवास, इंदौर, पीथमपुर और धार सहित छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र तक सक्रिय रहता था। संदेह से बचने के लिए आरोपी लग्जरी कारों का इस्तेमाल करते थे। पूछताछ के दौरान कई अन्य संदिग्धों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। पुलिस का कहना है कि दुपाड़ा क्षेत्र में डीजल चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं और जल्द ही और गिरफ्तारी भी होगी।

## जहर खाने से महिला की मौत

**देवास।** पुंजापुरा क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला ने कथित तौर पर जहर का सेवन किया था। मंगलवार सुबह खरगोन जिले से मृतका के मायके पक्ष के लोग देवास जिला अस्पताल पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मृतका रेशमी बाई के भाई लक्ष्मण बामनिया ने आरोप लगाया कि उनके पति रामेश्वर करीब चार-पांच महीने पहले रेशमी को जबरदस्ती अपने साथ ले गए थे। इसके बाद से रेशमी का फोन बंद आ रहा था और परिवार का उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया था। भाई के अनुसार, पति अक्सर रेशमी के साथ झगड़ा करता था। परिजनों ने बताया कि लगभग 10 साल पहले रामेश्वर रेशमी को भगाकर ले गया था और दोनों ने शादी कर ली थी। हालांकि, शादी के बाद से ही उनके बीच लगातार विवाद होते रहे। विवाद के चलते कुछ समय पहले रेशमी अपने मायके आ गई थी, लेकिन कुछ माह पहले पति उसे फिर अपने साथ ले गया था। सोमवार को पुलिस ने रेशमी की मौत की सूचना परिजनों को दी थी। सूचना मिलने के बाद परिजन मंगलवार को देवास जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है।

## अस्पताल परिसर में कचरे का ढेर

**देवास।** एमजी अस्पताल के कायाकल्प में लाखों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए। लेकिन आमजन के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिल सिंह बेस ने बताया कि अस्पताल परिसर में ही कचरे का ढेर लगा हुआ है। पूरे परिसर में गंदगी पसरी पड़ी है। जो आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। पास में ही साई मंदिर है जहां सैकड़ो लोग प्रतिदिन दर्शन के लिए आते हैं। मरीजों व आमजन के साथ भक्तों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। देवास को स्वच्छता में नंबर वन बनाने की दौड़ सिर्फ कागजों तक सीमित है।

**एक नजर में** — निगमायुक्त ने दी कार्य में लापरवाही पर सेवा समाप्त की चेतावनी

# स्वच्छता कार्य में लापरवाही पर निगमायुक्त सख्त

**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने सभी वार्डों के एसआई एवं दरोगाओं से अलग-अलग जानकारी ली।

उन्होंने वार्डों में सफाई व्यवस्था, बैकलेन, नाला-नाली सफाई, बैनर-पोस्टर-पैम्फलेट हटाने, गार्डनों की सफाई, सीएंडडी वेस्ट उठवाने, खुली नाली ढंकने, खुले प्लाटों पर कचरे की जानकारी, बर्निंग पॉइंट, रोड स्वीपिंग, जीवीपी कार्य पर फोकस, बैकलेनों का सौंदर्यीकरण, फोकस पॉइंट पर पेवर्स ब्लॉकों की स्थिति, डंप कचरा उठाने सहित प्रतिदिन सफाई को लेकर समीक्षा की। जिस वार्ड में जो कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। वार्ड 9, 29, 31, 32, 34, 35, 37, 38, 39, 40, 42, 12, 13, 6, 7 और 3 में नालियों की सफाई नहीं होना, सीएंडडी वेस्ट पड़ा होना, निर्माण कार्य को ग्रीन नेट से नहीं ढंकवाया जाना, प्रमुख चौराहों की दीवारों से पैम्फलेट नहीं हटाना, वार्डों में कचरा पॉइंट पाया जाना आदि व्यवस्थाओं को लेकर दरोगाओं द्वारा रुचि लेकर कार्य नहीं करने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा एक सप्ताह में व्यवस्थाएं पूरी सुधारने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जिन स्थानों पर कचरा डंप था तथा बर्निंग पॉइंट पर सुधार कर फोटो सहित रिपोर्ट देने को कहा। आयुक्त के निरीक्षण में वार्ड 15, 21, 22, 24, 25 में सड़कों पर कचरा पाये जाने पर दरोगाओं को सख्त हिदायत दी तथा पुन: कार्य में लापरवाही होने पर वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। वहीं वार्ड 36 में सफाई के दौरान दरोगा द्वारा पुन: लापरवाही करने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी। इसी प्रकार वार्ड 39 में कचरा पॉइंट पर दोनों समय कचरा संग्रहण वाहन खड़ा करने के निर्देश दिए। कुछ वार्डों में दरोगा एवं सफाई मित्रों के द्वारा निर्धारित समय से कम समय सफाई की जा रही है। इसको लेकर आयुक्त ने वार्डों में प्रात निर्धारित समय से 10 बजे तक कार्य करना, नालियों की शत प्रतिशत सफाई, स्वीपिंग मशीन से रोड सफाई, लिटर पिकिंग, खाली प्लाट कचरा मुक्त, निर्माण कार्यों में नेट बनवाना, वार्डों में पड़े सीएंडडी वेस्ट उठवाना एवं चालानी कार्रवाई करना, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर्स हटवाना, गार्डनों में प्रतिदिन सफाई, कंपोस्ट पिट रिपेयर, गार्डनों में भी लिटरबिन लगाना, बर्निंग पॉइंटों पर फोकस, चेम्बरों की सफाई, व्यर्थ पानी बहाने पर चालानी कार्रवाई करना आदि निर्देश दिए।

